रूपनगढ़. कस्बे की स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस विविध कार्यक्रम के साथ मनाया। इस अवसर पर शिक्षा का अधिकार विषय पर एक व्याख्यान माला का आयोजन भी किया गया। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ बी एल देवन्दा व अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती के चित्रपट्ट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी की मुख्य वक्ता अनीता धाकड़ ने कहा कि साक्षरता कानून व इतिहास व उद्देश्यों की जानकारी सभी को हो। इस मौके पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विस्तार से बताया। डॉक्टर रानू वार्ष्णेय व रमेश मीणा ने परिवर्तन की दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना, टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाज की नींव का निर्माण करना इस विषय पर विस्तार से बताते हुए अपने विचार प्रकट किए।

# Swachhata Hi Seva

देशभर में स्वच्छता के राष्ट्रव्यापी अभियान की कड़ी में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में दिनांक 15.09.2023 से 02.10.2023 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के विभिन्न दिनों में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम, श्रमदान कार्यक्रम, अपशिष्ट प्रबंधन जागरूकता, कचरा कचरा पात्र में ,स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया गया।



Swatchhta Pledge Taking Event









# Ralley & Nukaad Natak













Certificate of Appreciation

# National Service Scheme-NSS
# Foundation Day

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में आज दिनांक 23 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय एन.एस.एस इकाई द्वारा प्राचार्य के मार्गदर्शन में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम सत्र में एन.एस.एस. का अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. फराह ने स्वंयसेवी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम प्रभारी के निर्देशन में गोद ग्राम मगरी का बालाजी, नंवा में जाकर श्रमदान किया गया तथा बाल–विवाह, कन्या भ्रूण हत्या व घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के प्रति जागरूकता बढाने हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन ग्रामीणों के बीच किया गया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों को जलपान कराया गया।






## राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया

रूपनगढ़। रूपनगढ़ में शनिवार को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय एन.एस.एस इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस शिविर के प्रथम सत्र में एन.एस.एस. का अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी फराह ने स्वंयसेवी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं और अन्य विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जोर-शोर से नारे लगाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम प्रभारी के निर्देशन में मगरी का बालाजी, नंवा में जाकर श्रमदान किया गया तथा बाल-विवाह, कन्या भ्रूण हत्या व घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के प्रति जागरूकता बढाने हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। अंत में महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. रैबंदा द्वारा छात्राओं को विद्यार्थी जीवन के महत्व को समझाते हुए उसमें अनुशासन एवं पूर्ण लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# Mahatama Gandhi Jyanti

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 2 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनायी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने की। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. देवन्दा ने वर्तमान में गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय गांधीयन विचार था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने भाषण प्रस्तुत किये एवं अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। अंत कार्यक्रम प्रभारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।












**Glimpse of Certificate Distribution**



किशनगढ़, केकड़ी जिला

## महिला महाविद्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई

## अजमेर जिला फिर बना विजेता

## जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता शुरू

Dainik Bhaskar Press News 03.10.2023

# Amrit Kalash Yatra

दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की एनएसएस इकाई द्वारा आजादी के अमृत काल में देश के वीर शहीदों को समर्पित "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों से मंगवाई गई एक मुट्ठी मिट्टी और चावल को अमृत कलश में एकत्रित करवाया गया तथा पंच प्राण की प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई | प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा स्थापित अमृत कलश की मिट्टी को नई दिल्ली की अमृत वाटिका में रखा जाएगा तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने का यह प्रयास सफल बनाया जाएगा | प्रभारी रमेश मीणा द्वारा बताया गया कि यह सिर्फ कार्यक्रम भर नहीं बल्कि विद्यार्थियों के लिए भारत के भविष्य से जुड़ने व इसकी महानता में योगदान देने का एक साधन है |







परमार एवं पार्षद गणों से बतौर सहयोग ऑटो टिपर की मांग की थी। विधायक रामस्वरूप लांबा ने कैंटोनमेंट क्षेत्र में आवश्यकता को देखते हुए नगरपालिका द्वारा ऑटो टिपर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। जिसके चलते शुक्रवार शाम को नगरपालिका अध्यक्ष अनीता मित्तल, अधिशाषी अधिकारी भगवत सिंह परमार एवं पार्षदगण तीनों ऑटो टीपर लेकर कैंटोनमेंट पहुंचे। पार्षद महेन्द्र डाबी ने बताया कि कैंटोनमेंट की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## एसएमसी और एसडीएमसी सदस्यों को प्रशिक्षण

**देराठू।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देराठू में एसएमसी और एसडीएमसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सरपंच विजेन्द्र सिंह राठौड़ के आतिथ्य में किया गया। ग्राम पंचायत के अधीन सभी विद्यालयों के एसएमसी एवं एसडीएमसी के सदस्यों ने शिविर में भाग लेकर प्रशिक्षण लिया। दक्ष प्रशिक्षक कौशल्या देवी यादव प्रधानाचार्य झड़वासा एवं चन्द्रशेखर व्याख्याता श्रीनगर ने प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्य संगीता तिवारी ने संभागियों का स्वागत और अभिनंदन करके प्रशिक्षण की महत्ता बताई। शिक्षक मोतीलाल ने बताया की सदस्यों की क्षमता संवर्धन करने के लिए हर वर्ष प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है। इस मौके पर उपसरपंच सुरेन्द्र कसाणा, महात्मा गांधी स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल गोयल, सुषमा सोनी, सोनिया मित्तल मौजूद रहे।



## अमृत कलश यात्रा निकाली

**रूपनगढ़।** विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को अमृत कलश यात्रा निकाली गई। राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आजादी के अमृत काल में देश के वीर शहीदों को समर्पित "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत यात्रा निकाली गई। विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों ने एक मुट्ठी मिट्टी और चावल को अमृत कलश में एकत्रित करके पांच प्राण की प्रतिज्ञा ली गई। प्राचार्य डॉक्टर रानू वार्ष्णेय ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा स्थापित अमृत कलश की मिट्टी को नई दिल्ली की अमृत वाटिका में रखा जाएगा तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास सफल बनाया जाएगा। प्रभारी रमेश मीणा के अनुसार यह केवल एक कार्यक्रम नहीं अपितु विद्यार्थियों के लिए भारत के भविष्य से जुड़ने व इसकी महानता में योगदान देने का एक साधन भी है।



## चिकित्सा शिविर का उठाया लाभ

पुष्कर। मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं रोटरी ई-क्लब भांकरोटा पुष्कर द्वारा राजपूत सेवा सदन में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा जांच कैम्प एवं वरिष्ठ चिकित्सक




के साथ लड़ाई झगड़ा करने पर पुलिस ने रवि पुत्र किशन लाल चौरोटिया को भी शांति भंग में गिरफ्तार किया।

## बकरी शेड का फर्जी भु...

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, मांगलियावास**

लोड़ी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गत दिनों से फर्जी बकरी शेड मामला चर्चा में आया हुआ है। शिकायत दर्ज कराए जाने की 8 दिन बाद आखिर शुक्रवार को पीसांगन पंचायत समिति से दो सदस्यीय दल जांच के लिए पहुंचा और मौका मुआयना किया।

गत सप्ताह लोड़ी निवासी प्रभुलाल रेगर ने जिला कलक्टर अजमेर और जिला परिषद कार्यकारी अधिकारी को शिकायत दर्ज कर बताया कि लक्ष्मी पत्नी महेंद्र रेगर द्वारा राज्य सरकार द्वारा बकरी शेड निर्माण किए बिना ही भुगतान उठा लिया गया। जिसकी जांच कराई जाए। इस पर कार्यवाही नहीं होती देख गुरुवार को शिकायतकर्ता ने पीसांगन उपखंड अधिकारी को भी ज्ञापन देकर बताया कि अजमेर शिकायत किए जाने के बाद लक्ष्मी देवी द्वारा बकरी शेड बनाना आरंभ कर दिया गया है। जबकि पहले ऐसा कुछ नहीं था। इसकी शीघ्र जांच करवाई जाए। उपखंड अधिकारी पीसांगन द्वारा विकास अधिकारी पीसांगन को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाने के बाद शुक्रवार को अतिरिक्त विकास



लोड़ी

## भावपूर्ण ओडिसी नृत्य ने ...



### नृत्यांगना बरनाली शाह ने छात्राओं को सिखाई नृत्य की बारीकियां

Press News Dainik Navajyoti 07.10.2023

# FINANCIAL EDUCATION AND CYBER CRIME WORKSHOP

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व निवेशक सप्ताह 2023 के तहत् SEBI एवं NCDEX द्वारा आयाजित वित्तीय शिक्षा और साइबर क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया। जिसकी मुख्य वक्ता शकुन्तला देवी पारीक रही। श्रीमती पारीक ने कार्यशाला में बैंक, पोस्ट ऑफिस, सुकन्या समृद्वि योजना, म्यूच्यूअल फण्ड, स्टॉक मार्केट एवं इसमें होने वाले फायदे एवं नुकसान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने चिटफंड पोंजी स्कीम, नेटवर्क मार्केटिंग इत्यादि में निवेश करने से पहले उनकी रिस्क को पहचाने कि सलाह दी तथा रूलऑफ 72 का उपयोग करना सिखाया, ताकि हम खुद निकाल सके कि हमारा पैसा कब दुगना होगा। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम ऑनलाइन ठगी का मुख्य कारण है।

श्रीमती पारीक ने बताया कि सुरक्षित निवेश किस तरह से करें तथा धोखाधडी करने वाली कम्पनियों से व ऑन लाइन ट्रेडिंग से सावधान रहे। समारोह के महाविद्यालय के सचिव डॉ. बी.एल देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, समस्ता स्टाफ सदस्य, स्वंय सेविकाऐं अन्य छात्राऍ उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रभारी रमेश मीणा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।



14 राजस्थान पत्रिका patrika.com

अजमेर, रविवार, 15 अक्टूबर 2023

साइबर क्राइम से बचाव की दी जानकारी

रूपनगढ. कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती मुख्य वक्ता। पत्रिका

रूपनगढ @ पत्रिका. कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय एवं शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व निवेशक सप्ताह के तहत कार्यशाला हुई।

इसमें मुख्य वक्ता शकुंतला पारीक रहीं। उन्होंने बैंक, पोस्ट ऑफिस, सुकन्या समृद्धि योजना, म्युचुअल फंड, स्टॉक मार्केट एवं इसमें होने वाले फायदे तथा नुकसान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने चिटफंड पूंजी स्कीम व नेटवर्क मार्केटिंग आदि में निवेश करने से पहले उनकी रिस्क को पहचानने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम ऑनलाइन ठगी का मुख्य कारण है। मुख्य अतिथि डॉ. बी. एल. देवन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर, रमेश मीणा, डॉ. रानू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

**Rajasthan Patrika Press News 15.10.2023**

## **Blood Donation Camp**

दिनांक 27.10.2023 को स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल अजमेर की ब्लड बैंक टीम द्वारा शिविर में रक्त संग्रहण किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर द्वारा फीता काटकर किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने शिविर की सराहना करते हुए कहा की महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर युवाओं को राष्ट्रीय सेवा का संदेश देना व समाज के प्रति जिम्मेदारियों का अहसास करवाना प्रमुख लक्ष्य है। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा द्वारा बताया गया कि रक्तदान से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पडता है। शिविर में विद्यार्थियों में अलग प्रकार का जोश देखने को मिला तथा उन्होने बढ़—चढ़कर इसमें भाग लिया। महाविद्यालय शिक्षक, छात्र—छात्राओं एवं समाज के युवाओं एवं महिलाओं ने भी रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने बताया कि मानव रक्त का उत्पादन किसी मशीन में संभव नहीं अतः ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें, ताकि आपात स्थिति में जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त की प्राप्ति हो सके। शिविर में कुल 55 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया तथा रक्तदाताओं को जलपान भी करवाया गया। सेल्फी पोइंट पर लोगो द्वारा सेल्फी ली गई तथा अन्य लोगो के साथ साझा कर रक्तदान के प्रति जागरूकता बढाई। अंत में सभी स्टॉफ सदस्य व रक्तदाताओं के सहयोग से आयोजित शिविर की सफलता पर महाविद्यालय अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर एवं प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।













**Blood donor donating blood in a blood donation camp**

# आईएचटीएम विभाग

## जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय

अजमेर (राजस्थान)




Give blood
save life

### प्रशस्ति पत्र

आपकी संस्था के अथक प्रयास ने इस रक्तकोष में रक्तदान हेतु रक्तदाताओं को प्रेरित कर दिनांक 27/1/23 को शिविर का आयोजन किया, जिसमें 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

मानव हित में किये गये आपके इस निःस्वार्थ व अमूल्य योगदान हेतु हम आपके संस्थान का हार्दिक अभिवादन एवं धन्यवाद करते है।

आपकी संस्था द्वारा प्रशंसनीय एवं विशिष्ट कार्य सम्पन्नता केउपलक्ष्य पर यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

प्रधानाचार्य और नियंत्रक
जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय
अजमेर (राजस्थान)

वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष
आईएचटीएम विभाग
जे.एल.एन. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय
अजमेर (राजस्थान)

अधीक्षक
जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय
अजमेर
(राजस्थान)

DONATE BLOOD SAVE LIFE
SAVE BLOOD START WITH ME

सौजन्य से : SBI The banker to every indian जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज शाखा, अजमेर

Printed by : Add Square Printer # 9929493456

**Blood donation certificate**

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय,रूपनगढ़
## एन.एन.एस. यूनिट

| स्वैच्छिक रक्तदान शिविर | दिनांक 27.10.2023 |
|---|---|

### रक्तदाता सूची

| क्रम संख्या | रक्त दाता का नाम | रक्त समूह | पता | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनिता धाकड़ | O- | अजमेर | 8949938717 |
| 2 | फराह | B+ | रूपनगढ़ | 7976314121 |
| 3 | राजू राम जाट | A- | त्योद | 9602562942 |
| 4 | ओमप्रकाश डूक्या | O+ | त्योद | 9660603975 |
| 5 | किशन चौधरी | O+ | रामनगर | 6367995705 |
| 6 | गंगा कुमावत | O+ | रूपनगढ़ | 9950466610 |
| 7 | प्रभाती देवी | B+ | रूपनगढ़ | 8006750571 |
| 8 | मुकेश जाट | B+ | रामनगर | 9680741214 |
| 9 | परमा राम | B+ | रामनगर | 8306335179 |
| 10 | हरेन्द्र चौधरी | A+ | परबतसर | 7568116794 |
| 11 | हरि राम | AB+ | रामनगर | 9602016094 |
| 12 | पूनम कुमावत | A+ | रूपनगढ़ | 9460458207 |
| 13 | राकेश जाट | O+ | थल | 9511548065 |
| 14 | पुष्पेन्द्र भींचर | A+ | उजोली | 9024828755 |
| 15 | सुनिल चौधरी | A+ | गहलोता | 8306191337 |
| 16 | कमल चौधरी | O+ | पानवा कला | 9057599958 |
| 17 | निकिता सोलंकी | B+ | अजमेर | 8279269138 |
| 18 | पवन कुमार | B+ | त्योद | 9664298707 |
| 19 | फिरोज | O+ | रूपनगढ़ | 9116472823 |
| 20 | विश्राम गुर्जर | O+ | नरेना | 6375847103 |
| 21 | छोगा राम | B+ | थल | 7073362312 |
| 22 | कैलाश चंद | O+ | फुलेरा | 9636104780 |
| 23 | ओमप्रकाश | B+ | थल | 9983231257 |
| 24 | नवीन | B+ | त्योद | 6378951760 |
| 25 | प्रकाश जाट | A+ | पानवा कला | 8000164903 |
| 26 | शैतान जाट | B+ | रूपनगढ़ | 8739910121 |
| 27 | सुरज कुमावत | O+ | रूपनगढ़ | 7340611734 |
| 28 | राकेश कुमावत | A+ | रूपनगढ़ | 8905340623 |
| 29 | शिवराज गुर्जर | O+ | त्योद | 7891803835 |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

| क्रम संख्या | रक्त दाता का नाम | रक्त समूह | पता | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|
| 30 | राजू | O+ | रूपनगढ़ | 7615041335 |
| 31 | वैभव | A+ | रूपनगढ़ | 7357919781 |
| 32 | अजय सिंह | O+ | रूपनगढ़ | 8996298000 |
| 33 | मांगीलाल | AB+ | करकेडी | 7014289976 |
| 34 | रमेश मुण्डवाडिया | O+ | किशनगढ़ | 7597536918 |
| 35 | जगदीश | O+ | नावा | 8529534031 |
| 36 | जगदीश प्रसाद | A+ | सिंणगारा | 7568006935 |
| 37 | भागीरथ मीणा | O- | जयपुर | 9694235475 |
| 38 | पूजा | A+ | सुसुरा | 8955574054 |
| 39 | सुरेश चंद जाट | B+ | रूपनगढ़ | 6367275260 |
| 40 | मदन लाल | A+ | रूपनगढ़ | 8058917475 |
| 41 | मोहिनी चौधरी | AB+ | सिणोदिया | 8306630039 |
| 42 | बसन्ती कुमावत | O+ | रूपनगढ़ | 9950331085 |
| 43 | मुकेश बुरडक | O+ | थल | 7878703727 |
| 44 | त्रिलोक कुमावत | B+ | रूपनगढ़ | 9694214206 |
| 45 | डॉ बाबू लाल देवन्दा | B+ | जयपुर | 9314618091 |
| 46 | आकाश | B+ | जयपुर | 9587354401 |
| 47 | शैतान गुर्जर | O+ | सरवाड़ | 9983560691 |
| 48 | रंगलाल खटीक | B+ | केकड़ी | 9680718008 |
| 49 | विशाल | O+ | किशनगढ़ | 6367438396 |
| 50 | अनिल चौधरी | A+ | परबतसर | 8949686009 |
| 51 | सुरेश कुमारी चौधरी | AB+ | आवड़ा | 9414567281 |
| 52 | रमेश मीणा | A+ | बगरू | 9887197729 |
| 53 | विनोद मेघवाल | O+ | नुवा | 9079165883 |
| 54 | राहुल बरडवाल | B+ | रूपनगढ़ | 8696104297 |
| 55 | राजू रैबारी | O+ | बालापुरा | 6367164336 |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

# Blood donor list

## सौहार्द पूर्वक मनाएं त्योहार



रूपनगढ़ कस्बे के थाना परिसर में सामुदायिक सामंजस्य समिति की बैठक में मौजूद सदस्य। पत्रिका

किशनगढ़ @ पत्रिका. सामुदायिक सामंजस्य समिति की बैठक रूपनगढ़ थाना परिसर में शुक्रवार शाम संपन्न हुई। थाना प्रभारी जगदीश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी त्योहार धनतेरस, रूप चतुर्दशी, दीपावली, भाई दूज सहित अन्य पर्व सौहार्द पूर्वक मनाने तथा विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मौजूद सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। इस बैठक में यातायात व्यवस्था, गश्त बढ़ाने सहित अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा की गई। इस मौके पर पुरुषोत्तम खंडेलवाल, मुस्लिम समाज सदर हबीब भाटी, सोहनसिंह राजपुरोहित, सोहनलाल मालाकार, गणेश खिलेरी, सरस्वती मौर्य, हनीफ रंगरेज, बोदूलाल कुमावत, महादेव प्रसाद, विकास चुरडक, अशोक बिश्नोई, सुमन चौधरी सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर आयोजित



किशनगढ़ @ पत्रिका. रूपनगढ़ कस्बे की स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ डॉ बी एल देवन्दा व अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने किया। युवाओं को राष्ट्रीय सेवा का संदेश देना और समाज की प्रति जिम्मेदारियों का एहसास कराना प्रमुख लक्ष्य रहा। देवन्दा कहा कि रक्तदान किसी कारखाने या फैक्ट्री में नही बनता मानव का रक्त ही मानव के काम आता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव भी नही पड़ता है। अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय से आई ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहित किया इस मौके पर 55 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

राजस्थान पत्रिका अजमेर संस्करण के :

## 'लोकतंत्र की सबको करना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सरवाड़. पहले वोट देना है,फिर ब्याह में जाना है, लोकतंत्र की यह है शान-सबको करना है मतदान व देश के मतदाता हैं, वोट देना आता है आदि नारे लगाते हुए शुक्रवार को शहर की सड़कों पर कस्बे के विभिन्न विद्यालयों के कोई एक-डेढ़ हजार छात्र-छात्राएं रैली के रूप में निकले।

राजस्थान पत्रिका के स्थापना दिवस के अवसर पर जागो जनमत अभियान के तहत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली की शुरुआत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वरलाल झारोटिया, प्रमुख भामाशाह सत्यनारायण हेडा व अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्येन्द्र आचार्य ने हरी झंडी दिखाकर की। कार्यक्रम में झारोटिया व हेडा ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत करने के लिए व देश की प्रगति के लिए अच्छी सरकार का चयन करने के लिए सभी लोगों का मतदान करना आवश्यक है।

जब तक मतदान में सभी लोगों की भागीदारी नहीं होगी, लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अपने परिजन व आसपास रहने



सरवाड़. राजस्थान पत्रिका अज



सरवाड़ में हरी झंडी दिखाकर

**Press News Rajasthan Patrika dated 28.10.2023**

दैनिक भास्कर

## स्वामी विवेकानंद महिला कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित



रूपनगढ़. शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू अस्पताल अजमेर की ब्लड बैंक टीम द्वारा शिविर में रक्त संग्रहण किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवन्दा व अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर द्वारा फीता काटकर किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने शिविर की सराहना करते हुए कहा की महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर युवाओं को राष्ट्रीय सेवा का संदेश देना व समाज के प्रति जिम्मेदारियों का अहसास करवाना प्रमुख लक्ष्य है। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा द्वारा बताया गया कि रक्तदान से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। शिविर में विद्यार्थियों में अलग प्रकार का जोश देखने को मिला तथा उन्होंने बढ़-चढ़कर इसमें भाग लिया। महाविद्यालय शिक्षक छात्र-छात्राओं एवं समाज के युवाओं एवं महिलाओं ने भी रक्तदान किया । रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि मानव रक्त का उत्पादन किसी मशीन में संभव नहीं अतः ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें, ताकि आपात स्थिति में जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त की प्राप्ति हो सके। इस शिविर में कुल 55 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया तथा सेल्फी पॉइंट पर लोगों द्वारा सेल्फी ली गई तथा अन्य लोगो के साथ साझा कर रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई। अंत में सभी स्टॉफ सदस्य व रक्तदाताओं के सहयोग से आयोजित शिविर की सफलता पर महाविद्यालय अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर एवं प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## स्वीप कार्यक्रम : मानव श्रृंखला के

भास्कर न्यूज | मदनगंज-किशनगढ़

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को अजमेर रोड स्थित डी मार्ट में विशाल रंगोली 'बसंता' (चुनाव लोगो) का आयोजन किया गया। साथ ही मानव श्रृंखला के माध्यम से किशनगढ़ विधानसभा को अधिक से अधिक मतदान देने का संदेश दिया गया।

इसमें बसंता की रंगोली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र शिवांग और सचिन ने व्याख्याता महेश कुमावत के निर्देशन में बनाई।

जबकि मतदान से संबंधित रंगोली प्रेम देवी जिंदागल के निर्देशन में राजकीय उच्च



**Press News Dainik Bhaskar dated 28.10.2023**

# Best Defender Award

महिला शिक्षा के प्रचार प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ अब खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं की भागीदारी को प्रेरित करने वाला कस्बे का सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय बन गया है। महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल वैष्णव पुत्री श्री पवन कुमार वैष्णव को ग्राम त्योद में आयोजित ओपन कब्बड़ी प्रतियागिता में बेस्ट डिफेन्डर का अवार्ड मिला। महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय छात्राओं के सर्वागीण विकास हेतु प्रयासरत है तथा महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय की छात्राऐ भाग ले रही है जिसमें कब्बड़ी में सेमीफाइनल तक पहुंची। छात्राओं को महाविद्यालय में सभी प्रकार की खेल संसाधन प्रदान किये जा रहे है।



रुपनगढ़ की छात्रा को मिला बेस्ट डिफेंडर अवार्ड

न्यूज सर्विस/नवज्योति, रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल वैष्णव पुत्री पवन कुमार वैष्णव को ग्राम त्योद में आयोजित ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड मिला है। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हैं तथा महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय की छात्राएं भाग ले रही है और अब कबड्डी में सेमीफाइनल तक पहुंची है। छात्राओं को महाविद्यालय में सभी प्रकार के खेल सुविधा प्रदान की जा रही है। छात्रा को अवार्ड मिलने पर उसे शनिवार को महाविद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया।

Date-17.11.2023

# National Unity Week
## 17 November to 25 November 2023

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में दिनांक 19–25 नवम्बर 2023 तक कौमी एकता सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के अन्तर्गत राट्रीय एकता, धर्म निरपेक्षेता एवं अहिंसावादी विचारों के प्रसार हेतु विचार गोष्ठीयॉ आयोजित की गई। सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहित एवं उन्नत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किऐ गऐ। स्वंय सेविकाओं एवं अन्य छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम प्रभारी द्वारा स्वंय सेविकाओं को सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग सबंधी जानकारी दी गई तथा फेक न्यूज प्रसार की रोकथाम हेतु उपाए बताये गऐ ताकि समाज में शांति समरसता का वातावरण बना रहे।




**Glipse of Cultural Unity Day**

# Constitution Day

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एन.एस.एस. इकाई के तत्वाधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं नें संविधान की विशेषता व इसके विस्तृत रूप के बारे में समूह चर्चा की। छात्रा कान्ता कुमावत व मंजू कुमावत ने संविधान की महत्ता के बारे में भाषण प्रस्तुत किये। इस मौके पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में संविधान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संविधान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर छात्राओं द्वारा उत्साहित होकर दिये गऐं। विजेताओं को महाविद्यालय की तरफ से प्रशस्ति पत्र व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढावा देने के लिए यह दिवस मनाते है।



गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आवाहन किया। प्राचार्य के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में एनएसएस दलों ने साफ सफाई कर पौधरोपण किया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में अलका शर्मा उपस्थित थी।

29/11/23 दैनिक भास्कर

## संविधान दिवस मनाया

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के तहत संविधान दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं ने संविधान की विशेषता व इसके विस्तृत रूप के बारे में समूह चर्चा की गई। छात्राओं ने [illegible] की महता के बारे में भाषण प्रस्तुत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में संविधान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संविधान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर छात्राओं द्वारा उत्साहित होकर दिए गए। विजेताओं को महाविद्यालय की तरफ से प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने कहा कि हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाते हैं।

संतोष शुक्ला ने आयुर्वेद के बारे में विस्तार से बताया। मौसमी बीमारियों के बचाव सुरक्षा के बारे में जानकारी

जुकाम, पुरानी चोट, सहित अन्य बीमारियों के परामर्श के साथ 15 दिन की निशुल्क दवा दी गई। मंच संचालन राजेश नवहाल ने किया।

## 4 माह से दूध का भुगतान नहीं, दुग्ध उत्पादक परेशान

नसीराबाद। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लिमिटेड द्वारा गत 4 माह से दूध का भुगतान नहीं से दूध उत्पादक ग्रामीण परेशान हैं। ग्राम झड़वासा क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों पांचू खटाना, देव खटाना, भाला खारोल, रघुवीर सिंह, मनसुख, मुकेश जाट और पांचू ने बताया कि मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना के अंतर्गत राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लिमिटेड, जयपुर द्वारा 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों को किया जाता है, गत अगस्त माह से फैडरेशन द्वारा भुगतान नहीं किए जाने से दुग्ध उत्पादकों को भयंकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुग्ध उत्पादकों ने दूध का भुगतान करने की मांग करते हुए भुगतान नहीं होने पर प्राइवेट डेयरियों पर दूध देने की चेतावनी दी है।

## कोहरे से जन.

भास्कर न्यूज़ | किशनगढ़ / बांदरसिंदरी

वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर कस्बे व आसपास के क्षेत्रों पर रहा। सोमवार रात्रि से सुबह बादलों के साथ कोहरा छाए रहने से मौसम ठंडा रहा। ठंडी हवाएं चलने से दिनभर गलन महसूस रही। मंगलवार को भोर से हाईवे व खेतों में घना कोहरा छाया रहा। इससे पारा भी गिरा और पूरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हुए। मौसम के जानकारों के अनुसार बुधवार से तापमान में उतार चढ़ाव का दौर रहेगा। कभी दिन का पारा बढ़ेगा तो रात का घटेगा। लेकिन लगातार चार दिन बादल छाए रहने की संभावना है।

**शादी समारोह में हुई परेशानी :** अचानक बदले मौसम से हुई बरसात से शादी समारोह में खलल पड़ा। सावे होने की वजह से विभिन्न स्थानों पर शादी समारोह थे। घराती, बराती को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**Press News Dainik Bhaskar Date 29.11.2023**

# Human Rights Day

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत तथा ईश वंदना से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल.देवन्दा ने मानवाधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका को रेखांकित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने छात्राओं को मानवाधिकारों की प्रारंभिक अवस्था से लेकर वर्तमान तक के विकास क्रम से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ''मानवाधिकारः सभी के लिए स्वतंत्रता समानता और न्याय'' था। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान  बसन्ती बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान नीलम भांभी  बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग लाल द्वारा विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया।

अंत में महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आस–पडोस में भी जागरूकता प्रसारित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में श्रीमती सुनिता चौधरी, श्रीमती निर्मला लोधी, सुश्री विजय लक्ष्मी कुमावत, श्री शाहिद खान श्री मोहन लाल प्रजापत आदि उपस्थित रहें।





**Glimpse of Human Rights Day**

अजमेर, रविवार, 10 दिसम्बर, 2023 राजस्थान पत्रिका

SUNDAY 14

patrika.com

## खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम



**केकड़ी @ पत्रिका.** आलोक विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत दूसरा एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य कल्याण सिंह गौड ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी पूरण मल वर्मा ने बताया कि शिविर में सभी स्वयंसेवको ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की। इस दौरान विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें वॉलीबॉल, टेनिस बॉल, रस्साकशी, कबड्डी, खो - खो सहित अन्य खेलों में स्वयंसेवकों में दमखम दिखाया। कार्यक्रम में व्याख्याता इंद्र मल रेगर, रतनलाल खटीक, विमल कुमार मौर्य, नवल योगी, पंकज प्रजापत, नंदकिशोर सैनी, नरेश कुमार धाकड़ ,तनुजा वासवानी,अक्षिता गौड, सुरेंद्र जैन आदि ने सहयोग किया।

## मनाया मानव अधिकार दिवस



**किशनगढ़ @ पत्रिका.** रुपनगढ कस्बे की स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मानव अधिकार दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत तथा ईश वंदना से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा ने मानव अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला तथा संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को रेखांकित किया। रमेश मीना ने छात्राओं को मानव अधिकारों की प्रारंभिक अवस्था से लेकर वर्तमान तक के विकास क्रम से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय मानव अधिकार सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय था। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल व बसंती बी ए द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान नीलम भांभी बी ए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्राचार्य ने सभी छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आज पड़ोस में भी जागरूकता प्रसारित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉक्टर रानू वार्ष्णेय, सुनीता चौधरी, निर्मला लोधी, विजयश्री कुमावत, शाहिद खान एवं मोहनलाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

**Press News Rajasthan Patrika Date 10.12.2023**

## National Consumer Day

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस दौरान जागरूक उपभोक्ता संरक्षित उपभोक्ता विषय पर परिचर्चा आयोजित हुई। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा एवं अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर ने ग्राहकों को शोषण से बचने के लिए जागरूकता का मंत्र दिया। मुख्य वक्ता श्रीमती अनिता धाकड़ ने सत्र की शुरूआत की और कहा कि, एक उपभोक्ता के रूप में कोई वस्तु या सेवा प्राप्त करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए। छात्रा लीला चौधरी ने उपभोक्त संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ता के आवश्यक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने अधिनियम के चैनाईलाइजेशन पर चर्चा की और बताया कि पहले उपभोक्ता जिला स्तर, राज्य स्तर और अंत केन्द्रिय स्तर पर शिकायत दर्ज कर सकता है एवं सभी स्वंय सेविकाओं को धन्यवाद दिया। महाविद्यालय के व्याख्यातागण श्रीमती राधे रानी तिवारी, डॉ. कोमल पारीक, श्रीमती निकिता सोलंकी, श्री मोहन लाल प्रजापत इत्यादि उपस्थित थे।




**Glimpse of National Consumer Day**



रूपनगढ़ में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया

रूपनगढ़| रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस दौरान जागरूक उपभोक्ता संरक्षित उपभोक्ता विषय पर परिचर्चा आयोजित हुई। महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेन्दा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने ग्राहकों को जागरूकता का मंत्र दिया। मुख्य वक्ता अनीता धाकड़ ने सत्र की शुरूआत की और कहा कि एक उपभोक्ता के रूप में कोई वस्तु या सेवा प्राप्त करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए। छात्रा लीला चौधरी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ता के आवश्यक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी फराह ने अधिनियम के चैनेलाइजेशन पर चर्चा की और बताया कि पहले उपभोक्ता जिला स्तर फिर राज्य स्तर और अंत में केंद्रीय स्तर पर शिकायत दर्ज कर सकता है एवं सभी स्वयंसेविकाओं को धन्यवाद दिया। महाविद्यालय के व्याख्यातागण राधेरानी तिवारी, डॉ. कोमल पारीक, निकिता सोलंकी, मोहनलाल प्रजापत इत्यादि उपस्थित थे।

**Dainik Bhaskar 24.12.2023**